विदेशी राष्ट्रिकों की संख्या में घुसपैठ लगातार जारी है ;

(ग) क्या यह सच है कि सरकार ने इस घुसपैठ को रोकने के लिए सीमा पर कंटीले-तारों की बाड़ लगाने और सीमान्त क्षेत्र के निवासियों को पहचान-पत्र जारी करने का निर्णय लिया था ;

(घ) यदि हां, तो ऐसा निर्णय कब लिया गया तथा उसे कार्यान्वित करने के लिए क्या समय सीमा निर्धारित की गई थी ; और

(ङ) क्या उक्त निर्णय को कार्यान्वित कर दिया गया है ; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री एम०एम० जैकब) : (क) जी हां, श्रीमन ।

(ख) चूंकि अधिकांश बंगलादेशी राष्ट्रिक चोरी-छिपे प्रवेश करते हैं और भूमिगत हो जाते हैं, इसलिए यह निश्चित करना संभव नहीं हैं कि ऐसे कितने व्यक्ति भारत में रह रहे हैं। अतः यह कहना संभव नहीं है कि घुसपैठ में लगातार वृद्धि हो रही है या नहीं ।

Activities of extremists in J and K and Punjab

1042. CHOWDHRY HARI SINGH: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) the number of persons killed by extremists and also due to other sub versive activities in J and K and Punjab during the last six months, month-wise;

(b) the number of persons apprehend ed so far during the above period;

(c) the details of the incidents of vio lence and killings that took place in the above two States, month-wise during the above period; and

(d) the steps Government have taken to prevent occurrence of such killings in the above two States in future?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): (a) and (c) Government of Jammu and Kashmir and Punjab have furnished the following information regarding number of civilians killed in terrorists violence, security force personnel killed in the State, Incidents of violence from August, 1991:

	Aug. 1991	Sep. 199i	Oct. 1991	Nov. 1991	Dec. 1991	1992 (upto 15th Feb.1992)
(I) Jand K						
No. of civilians killed in terrorist action .	29	43	35	29	38	48
No. of Security force personnel killed	10	14	13	12	10	14
Incidents of terrorist violence:						
(i) Explosion	7!	47	33	85	90	107
(ii) Firing which was returned by security forces	132	105	122	103	101	183
(iii) Arson	17	52	105	77	48	82
(iv) Random Firing .	65	76	66	94	47	53

	Aug. 1991	Sept. 1991	Oct. 1991	Nov. 1991	Dec. 1991	Jan. 1992
(II) PUNJAB						
Civilians killed by terrorists.	171	193	244	107	*1(4*	95
No. of Punjab police/ security/forces personnel killed.	41	42	53	47	20	15
No. of violent incidents due to terrorists activities.	531	457	515	408	274	309

(b) Between 1st August, 1991 to 15th February, 1992, 1586 persons were killed in Jammu and Kashmir. In Punjab between 1st August, 1991 to 31st January, 1992, 791 extremists were arresied.

(d) The Government has already stepped up pressure on terrorist and vigil on the border. Intelligence operations have been further intensified.

पंजाब में चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किए गए कर्मचारी

1043. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब में चनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किए गए केन्द्रीय बलों और केन्द्रीय पर्यवेक्षकों में से कितने अधिकारी और कर्मचारी मारे गए/घायल हुए ; और

(ख) उनके परिवारों को मुआवजे की कितनी कितनी राशि दी गई है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०एम० जैकब) : (क) केन्द्र सरकार द्वारा पंजाब में चुनाव ड्यूटी हेतु तैनात किए गए किसी भी अधिकारी अथवा किसी स्टाफ सदस्य अथवा किसी केन्द्रीय पर्यवेक्षक अथवा अर्धसैनिक बलों का कोई भी सदस्य मारा नहीं गया ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

पंजाब में मारे गये/घायल हुए व्यक्ति

1044. **श्री महेन्द्र सिंह लाठर** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब में हुए हाल के लोक सभा/विधान सभा चुनावों में आतंकवादियों द्वारा कितने व्यक्ति मारे गये और पुलिस द्वारा कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये और पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में कितने व्यक्ति मारे गये ;

(ख) किन-किन स्थानों पर आतंकवादियों द्वारा चुनाव के बहिष्कार की घोषणा का असर पड़ा ; और

(ग) सरकार ने इस दौरान मारे गये/घायल व्यक्तियों के परिवारों और उनके आश्रितों को अब तक क्या राहत या मुआवजा प्रदान किया है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम.एम. जैकब) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

New formula for Jharkhand Problem

1045. SHRI JAGADISH JANI; Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government have evolved a new formula to solve the Jharkhand problem;